卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 225 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦22 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## प्रतिबंधित घाट पर दो युवक बहे

### सर्च अभियान जारी,फोटो खींचने के चक्कर में बिगड़ा संतुलन

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। लक्ष्मणझूला थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक प्रतिबंधित घाट पर फोटो खिंचवाने के चक्कर में दो युवक गंगा के तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश के अमरोहा से चार दोस्त यहां घूमने आए थे, जिनमें से दो हादसे का शिकार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, अमरोहा के नौगावां सादात निवासी चार दोस्त ऋषिकेश भ्रमण पर आए थे। 21



### पहाड़ी से गिरे पत्थर,एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर शुक्रवार को सोनप्रयाग स्थित हनुमान मंदिर के पास पहाड़ी से अचानक हुए भूस्खलन और भारी पत्थर गिरने से एक स्थानीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक नेपाली मूल का व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद यात्रा मार्ग पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## करोड़ों की जमीन धोखाधड़ी में चर्चित ठेकेदार धनंजय गिरी को एसआईटी ने किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जमीन खरीद–फरोख्त के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के आरोपों में घिरे हल्द्वानी के चर्चित ठेकेदार धनंजय गिरी को ऊधमसिंह नगर की एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया है। कुमाऊं आईजी रिद्धिम अग्रवाल के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम ने गुरुवार देर रात यह बड़ी कार्रवाई की। आरोपी को काठगोदाम थाने में हिरासत में रखकर पूछताछ की जा रही है। धनंजय गिरी पर लोगों को सस्ती जमीन दिलाने, प्लॉट बेचने और निवेश पर मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर करोड़ों रुपये हड़पने के गंभीर आरोप हैं। मामले की जांच नवंबर 2024 से चल रही थी, जिसमें अब तक करीब 20 लोग

### ऊधमसिंह नगर एसआईटी ने की बड़ी कार्रवाई,धनंजय पर 10 करोड़ से अधिक की ठगी का है आरोप

एसआईटी के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि धनंजय गिरी और उसके साथियों ने मिलकर अलग–अलग लोगों से करीब 10 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है। कई मामलों में तो जमीन की डील के नाम पर भारी–भरकम एडवांस रकम ली गई, लेकिन न तो बैनामा किया गया और न ही पैसे वापस किए गए। एसआईटी की जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी एक ही जमीन को कई लोगों को दिखाकर उनके साथ सौदेबाजी करता था। लगातार बढ़ती शिकायतों के बाद पुलिस मुख्यालय ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया। पिछले कई महीनों से एसआईटी बैंक लेनदेन, संपत्तियों के दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों को खंगाल रही थी। पर्याप्त सबूत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि इस बड़े ठगी नेटवर्क में धनंजय गिरी के साथ और कौन–कौन लोग शामिल थे। धनंजय गिरी पूर्व में भी विवादित जमीन सौदों और संदिग्ध आर्थिक लेनदेन (शेष पृष्ठ सात पर)

## दुकान से नकदी लूट महिला का गला दबाने का प्रयास

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरुवार की रात्रि ट्रांजिट कैंप कोतवाली क्षेत्र में हनुमान मंदिर ढाल पर अज्ञात ट्रक चालक ने महिला की दुकान में घुसकर गल्ले से हजारों की नकदी व सामान लूट लिया। जब महिला दुकानदार ने इसका विरोध किया तो चालक ने उसका गला दबाने का प्रयास कर उसे जन से मारने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर चालक धमकी देते हुए ट्रक लेकर तेज गति से फरार हो गया। घटना की जानकारी महिला (शेष पृष्ठ सात पर)

## कटौती के खिलाफ विद्युत अधिकारियों को घेरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही घंटों की विद्युत कटौती से परेशान लोगों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में नवोदय पावर हाउस पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए एसडीओ फरमान जैदी तथा अवर अभियंता अरूण राठौर का घेराव किया। इस दौरान ठुकराल ने विभागीय अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई और तत्काल बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल का कहना था कि भीषण गर्मी में लगातार कई कई घंटों तक बिजली



कटौती की जा रही है, जिससे आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दिन और रात दोनों समय बिजली जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घरों में छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। आरोप लगाया कि बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली काट दी जाती है, जिससे पेयजल व्यवस्था भी चरमरा जाती है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भीषण गर्मी में जनता को राहत देने के बजाय विभाग लोगों की परेशानियां बढ़ाने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि शहर के (शेष पृष्ठ सात पर)

## नैनीताल और उधम सिंह नगर पुलिस में बंपर तबादले

रूद्रपुर/हल्द्वानी। उधम सिंह नगर और नैनीताल जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों ने दोनों जनपदों में बंपर तबादले किये हैं। उधम सिंह नगर में दो निरीक्षक और 7 उपनिरीक्षकों के दायित्वों में फेरबदल हुआ है जबकि नैनीताल जनपद में 4 निरीक्षकों समेत 47 महिला, पुरुष उपनिरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति ने जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से दो निरीक्षकों और सात उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें नई तैनाती दी है। जारी सूची के अनुसार, (शेष पृष्ठ सात पर)






## लाखों की स्मैक के साथ बरेली के नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। एसटीएफ एवं एएनटीएफ कुमाऊं परिक्षेत्र नैनीताल की टीम ने पुलभट्टा पुलिस के साथ संयुक्त कार्वाई करते हुए एक अंतरराज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 129 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से बिना नंबर की मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और नगदी भी जब्त की है। जानकारी के अनुसार, एसटीएफ/ एएनटीएफ यूनिट के उपनिरीक्षक विनोद चन्द्र जोशी अपनी टीम के साथ बुधवार को बरा चौकी क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश में थे। इसी दौरान पुलभट्टा थाने के उपनिरीक्षक दिनेश चन्द्र भट्ट भी पुलिस बल के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)



## अज्ञात वाहन की टक्कर से दिव्यांग बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर काशीपुर मार्ग पर देर रात हुए एक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक दिव्यांग बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला भवानीगंज में नहर किनारे रहने वाला 60 वर्षीय ओम प्रकाश पैरों से दिव्यांग था। वह अपने घर के आसपास ही भीख मांगकर अपना भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि गुरुवार की रात वह नेशनल हाईवे 309 पर भवानीगंज इलाके में भीख मांग रहा था, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने (शेष पृष्ठ सात पर)



## पलायन की तैयारी में 'पहाड़ का एक और महारथी'

-अर्श-

देहरादून। पहाड़ से पलायन की विभीषिका से जुड़ा एक शर्मनाक पहलू पहाड़ पुत्रों का मैदान की ओर पलायन भी है। उत्तराखंड राज्य के अस्तित्व में आने के बाद ही मैदान में रहकर पहाड़ की चिंता करने का चलन जोर पकड़ने लगा था। पहाड़ की अस्मिता, आत्मनिर्भरता और खुशहाली के सूत्र को लेकर राज्य आंदोलन की लड़ाई लड़ने वाले कई दिग्गज एक एक कर के पहाड़ के दुर्गम रास्तों एवं चुनौती पूर्ण जीवन शैली को पीठ दिखाकर मैदान का रुख कर चुके हैं। पहाड़ से राजनीतिक पलायन करने वाले पहाड़ पुत्रों की सूची में अब पूर्व मंत्री एवं दिग्गज कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत का नाम भी जुड़ने जा

### पहाड़ की चिंता मैदान में रहकर करने वाले राजनेताओं की सूची में जुड़ने जा रहा एक और नाम, पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत ने जाहिर की मैदानी सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा

रहा है। अपने बयान बम के लिए पहचाने जाने वाले कांग्रेसी नेता हरक ने बीते रोज मैदान की किसी विधानसभा से सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर कर मैदानी क्षेत्र के कई कांग्रेसी नेताओं की नींद उड़ा दी है।दरअसल,कांग्रेस पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपने वरिष्ठ नेताओं से उनकी पसंद और राजनीतिक रणनीति को लेकर राय मशवरा करना आरंभ कर दिया है। इसी क्रम में हरक सिंह रावत से भी पूछा गया कि वह आगामी विधान सभा चुनाव किस सीट से लड़ना चाहते हैं? तो उन्होंने राज्य के मैदानी इलाके कि किसी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की मंशा प्रकट की। हालांकि, उन्होंने अभी तक पार्टी हाईकमान के सामने किसी एक सीट का नाम स्पष्ट रूप से नहीं रखा है, लेकिन उन्होंने इतना जरूर कहा है कि अगले एक से दो सप्ताह के भीतर वह खुद तय कर लेंगे कि उन्हें किस सीट से चुनाव लड़ना है।हरक सिंह रावत ने साफ तौर पर कहा कि अंतिम फैसला



पार्टी हाईकमान ही करेगा, लेकिन वह अपनी इच्छा जरूर पार्टी नेतृत्व के सामने रखेंगे। उनके इस बयान ने कांग्रेस के भीतर कई तरह की अटकलों को जन्म दे दिया है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा शुरू हो गई है कि आखिर हरक सिंह रावत किस सीट से अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं? सबसे बड़ी बात यह है कि हरक सिंह रावत ने पहली बार खुलकर यह संकेत दिया है कि अब वह किसी मैदानी सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा जीवन के लंबे राजनीतिक अनुभव और 60 वर्ष की उम्र पार करने के बाद अब उनकी इच्छा है कि वह मैदानी क्षेत्र की किसी सीट का प्रतिनिधित्व करें। हरक सिंह रावत का कहना है कि उन्होंने अब तक पर्वतीय क्षेत्रों की विभिन्न विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ा है। राज्य के लगभग हर पर्वतीय जिले में राजनीतिक सक्रियता दिखाई है। उनका मानना है कि अब पर्वतीय सीटों पर युवाओं को मौका मिलना चाहिए। उनके जैसे वरिष्ठ नेताओं को मैदानी क्षेत्रों में राजनीति करनी चाहिए।हरक के इस बयान के बाद राजनीतिक विश्लेषक इसे एक बड़े संकेत के रूप में देख रहे हैं। माना जा रहा है कि हरक सिंह रावत की नजर देहरादून और आसपास की कुछ प्रभावशाली मैदानी सीटों पर है। राजनीतिक चर्चाओं में डोईवाला और धर्मपुर जैसी सीटों के नाम प्रमुखता से लिए जा रहा है। यद्यपि अभी तक उन्होंने किसी सीट की औपचारिक घोषणा नहीं की है।हरक सिंह रावत के अनुसार उन्हें कई विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ने का आमंत्रण मिल रहा है। उन्होंने कोटद्वार, रुद्रप्रयाग और केदारनाथ जैसी (शेष पृष्ठ सात पर)

# भवाली में दर्दनाक सड़क हादसा: कार खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत

## मृतकों में खटीमा निवासी एक ही परिवार के चार लोग शामिल, पति-पत्नी, बेटा बेटी व चालक की भी मौत





नैनीताल। उत्तराखंड में सड़क हादसों का सिलसिला नहीं थम रहा है। वहीं गुरूवार को भवाली-सेनिटोरियम मोटर मार्ग पर बृहस्पतिवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक कार अनियंत्रित होकर करीब 100 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव अभियान चलाया। रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद खाई में गिरे वाहन तक पहुंचकर सभी शवों को बाहर निकाला और सड़क तक पहुंचाया। कोतवाल प्रकाश सिंह मेहरा ने बताया कि हादसा दोपहर करीब दो बजे हुआ। कार भवाली-सेनिटोरियम मार्ग पर अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मौके पर ही पांच लोगों ने दम तोड़ दिया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार दुर्घटना 21 मई 2026 को अपराह्न करीब 2:15 बजे हुई। महिंद्रा कार (वाहन संख्या UP 32 QU 1874) ढैला गांव से लगभग 500 मीटर पहले अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। वाहन में कुल पांच लोग सवार थे और सभी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मृतकों की पहचान खटीमा निवासी 48 वर्षीय भूपेंद्र सिंह चुफाल, उनकी पत्नी 45 वर्षीय सीमा कैड़ा चुफाल, 19 वर्षीय पुत्र वासु चुफाल और 12 वर्षीय पुत्री रवी चुफाल के रूप में हुई है। वहीं वाहन चालक 34 वर्षीय अनुज कुमार मिश्रा पुत्र दया सागर मिश्रा निवासी अफसर नगर, एलपीजी गोदाम, आलम नगर, लखनऊ की भी हादसे में मौत हो गई। घटनास्थल पर एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी रविकांत सेमवाल तथा प्रभारी निरीक्षक प्रकाश मेहरा सहित पुलिस बल मौजूद रहा। काफी मशक्कत के बाद पुलिस टीम ने सभी शवों को गहरी खाई से बाहर निकालकर सड़क तक पहुंचाया।

**खटीमा के अमाऊं क्षेत्र में शोक की लहर:** नैनीताल जिले के भवाली में बृहस्पतिवार को हुए एक सड़क हादसे से खटीमा के अमाऊं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे में अमाऊं निवासी भूपेंद्र सिंह चुफाल, उनकी पत्नी और दो मासूम बच्चों की असमय मौत की सूचना से पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया। देखते ही देखते अमाऊं स्थित उनके सूने घर के बाहर पड़ोसियों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हर कोई इस हृदयविदारक घटना से स्तब्ध है। स्थानीय लोगों ने रूंधे गले से बताया कि मूल रूप से नाचनी (पिथौरागढ़) का रहने वाला यह चुफाल परिवार 35 वर्ष पहले खटीमा के अमाऊं में आकर बस गया था। मृतक भूपेंद्र सिंह चुफाल अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। भूपेंद्र ने अपनी उच्च शिक्षा बनारस से पूरी की थी और वर्तमान में वह पत्नी सीमा कैड़ा चुफाल, बेटे वासु और बेटी रावी के साथ लखनऊ में रहते थे। भूपेंद्र की दो बहनें उमा और कमला हैं जिनकी शादी हो चुकी है। भूपेंद्र की बुजुर्ग मां तुलसी देवी अमाऊं स्थित इसी मकान में अकेली रहती हैं। करीब एक महीना पहले उनके हाथ में गंभीर चोट लग गई थी जिसके बाद देखभाल के लिए उन्हें नोएडा में रह रही उनकी बेटी उमा के घर भेज दिया गया था। मोहल्ले वालों ने बताया कि भूपेंद्र अपनी मां से बेपनाह प्रेम करते थे और तीन महीने पहले ही वह मां का हालचाल जानने और उनसे मिलने खटीमा आए थे। लेकिन किसे पता था कि उनकी मां के साथ वह आखिरी मुलाकात होगी।



**दीदी-जीजा हुए बदहवास :** ढैला गांव में सड़क हादसे में मृत भूपेंद्र सिंह चुफाल का साला राजेश रावत और उनकी पत्नी स्कूटी से दीदी-जीजा के कार की खोजबीन में भवाली की तरफ आ रहे थे। दीदी, जीजाजी का नंबर नहीं लग पाने के चलते वह काफी परेशान थे। वह ढैला गांव पहुंचे तो उन्होंने भीड़ देखी। लोगों से भीड़ का कारण पूछा तो पता चला की एक कार खाई में जा गिरी। कार का रंग पूछने पर पता चला कि कार लाल रंग की है जिसमें पांच लोग हैं। ऐसा सुनते ही राजेश रावत और उनकी पत्नी सहम गए। बाद में पता चला की खाई में गिरी कार उनके दीदी-जीजा की ही है तो दोनों बहदवास हो गए। दोनों को रोता देख स्थानीय लोग भी भावुक हो गए।

**सीएम धामी ने जताया दुख :** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जिले में हुई वाहन दुर्घटना में मृतकों के प्रति गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# जिंदा थे भूपेंद्र और चालक, नहीं पहुंची एंबुलेंस!

हल्द्वानी। ढैलागांव के पास बृहस्पतिवार दोपहर सड़क पर फूड वैन लगाने वाले युवक ने बताया कि कोई कार खाई में गिर गई है। इस पर स्थानीय वाहन चालक नितिन, पारस, पंकज कुमार, अमन, सोहित, कमल, विरेंद्र दनाई, सुनील कुमार, पवन सनवाल, हिमांशु बिष्ट, रवि कुमार मौके पर पहुंचे। हिम्मत कर सभी लोग खाई में पहुंचे तो मंजर भयावह था। लाल रंग की कार के वहां परखचे उड़े हुए थे। घटना के चश्मदीद नितिन और पारस के मुताबिक कार मालिक भूपेंद्र सिंह चुफाल कार से थोड़ा ऊपर की ओर पहुंचे हुए थे। ऐसे में माना जा रहा है कि दुर्घटना के बाद उन्होंने लोगों को खबर देने की कोशिश की और आवाज लगाई। मगर खाई की दुश्वारियों के चलते उनकी आवाज ऊपर नहीं पहुंच सकी और मौत से जंग में आखिरकार भूपेंद्र हार गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार चालक की सांसें तब चल रहीं थीं, मगर समय से अस्पताल नहीं पहुंच पाने के चलते उसकी मौत हो गई। सेनिटोरियम-रातीघाट मोटर मार्ग पर ढैला गांव में कार दुर्घटना के दो घंटे बाद तक मौके पर एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई। इसके चलते मृतकों के शवों को निजी वाहन से भवाली सीएचसी पहुंचाया गया। नेटवर्क की कमी के चलते भी समय से घटना का पता नहीं चल पाया। ढैला गांव में सड़क हादसे की सूचना स्थानीय वाहन चालकों और पुलिस को काफी देर से मिल पाई। डेढ़ घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान में एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय लोगों ने रस्सी और हाथ बांधकर मृतकों को खाई से बाहर निकाला। वाहन चालकों ने कहा कि नेटवर्क की समस्या के चलते भी सूचना समय से नहीं मिल पाई। दूसरी ओर ढैला गांव में दोपहर एक बजे हादसा होने के दो घंटे तक घटनास्थल पर एक भी एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने कहा कि सूचना देने के बाद भी समय से एंबुलेंस नहीं आने से मृतकों के शवों को निजी वाहनों से भवाली सीएचसी लाया गया।

# सांसद अजय भट्ट ने जताया गहरा दुख

हल्द्वानी/नैनीताल (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने नैनीताल के भवाली में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सांसद ने इस घटना को अत्यंत हृदय विदारक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। हादसे की सूचना मिलते ही सांसद अजय भट्ट ने जिलाधिकारी नैनीताल और उप जिलाधिकारी भवाली से दूरभाष पर वार्ता की और दुर्घटना के कारणों व राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सांसद ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वह और उनकी सरकार परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि शोक संतप्त परिजनों को इस अपार कष्ट को सहने की शक्ति प्रदान करें। सांसद ने अधिकारियों को प्रभावितों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।

# निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च

नानकमत्ता। उप तहसील में चल रहे धरने के बीच बीती शाम अतिक्रमण प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर बाजार में कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च का नेतृत्व विधायक गोपाल सिंह राणा ने किया। बताया जा रहा है कि ग्राम सरोजा में प्रधान पद के प्रत्याशी बजिंदर सिंह मोमी और सुखविंदर सिंह मोमी का नामांकन इस आधार पर निरस्त कर दिया गया था कि उनके द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है।वहीं सुखविंदर सिंह मोमी का कहना है कि उन्होंने किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं किया है। उनका आरोप है कि जिस भूमि को अतिक्रमण बताया गया था, जांच के बाद प्रशासन ने उसका खसरा नंबर अलग कर दिया। इसके बावजूद उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। इसी मामले में सही जांच और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों ने बाजार में कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक राणा, हरिओम राणा, व्यापार मंडल महामंत्री गुरनाम सिंह करनावल, नरेश गोस्वामी आदि मौजूद थे।




# नानकमत्ता के रंसाली में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, छह शराब भट्टियां ध्वस्त

नानकमत्ता। उत्तराखण्ड आबकारी आयुक्त के आदेश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग ने जनपद उधम सिंह नगर और नैनीताल बॉर्डर पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कच्ची शराब के खिलाफ शिकंजा कसा। क्षेत्र-2 खटीमा, जनपदीय प्रवर्तन दल, मण्डलीय प्रवर्तन दल हल्द्वानी हल्द्वानी की संयुक्त टीम ने ग्राम रनसाली में छापेमारी कर अवैध शराब निर्माण में लगी 6 भट्टियों को मौके पर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने लगभग 6000 किलो लहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट किया। इसके अलावा 120 लीटर अवैध कच्ची शराब भी बरामद की गई। आबकारी विभाग ने मौके पर मिले अभियुक्तों के खिलाफ



उत्तराखण्ड आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आबकारी विभाग की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और किसी भी हालत में शराब माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा। इस संयुक्त अभियान में आबकारी निरीक्षक खटीमा बृजेश जोशी, मौजूद रहे।

# परमिशन की आड़ में अवैध मिट्टी खनन का खेल, हादसों का खतरा

नानकमत्ता। क्षेत्र में इन दिनों परमिशन की आड़ में अवैध मिट्टी खनन का खेल खुलेआम चलने के आरोप लग रहे हैं। ग्राम कोंदाखेड़ा समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में सुबह से लेकर देर शाम तक मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां लगातार सड़कों पर दौड़ती दिखाई दे रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन कार्य निर्धारित नियमों और शर्तों के विपरीत किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे हुए हैं।ग्रामीणों के अनुसार मिट्टी ढोने में लगी अधिकांश ट्रैक्टर-ट्रालियों पर आगे और पीछे नंबर प्लेट तक नहीं लगी है। बिना नंबर वाले वाहनों का सड़कों पर संचालन परिवहन नियमों का खुला उल्लंघन माना जा रहा है। इसके बावजूद इन वाहनों पर कार्रवाई न होने से परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्रामीण सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ रही ट्रैक्टर-ट्रालियों से दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर मिट्टी गिरने से सड़कें भी खराब हो रही हैं और धूल उड़ने से लोगों को दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रालियों के चलते यदि कोई हादसा हो जाए तो वाहन की पहचान कर कार्रवाई करना बेहद मुश्किल हो जाता है। इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन की शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से केवल औपचारिक कार्रवाई कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

# खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

काशीपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तीन खाद्य पदार्थों के नमूने लिए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सीएम हेल्प लाइन व विभाग से की गई शिकायत के आधार पर मिष्ठान विक्रेता, दुग्ध डेयरी व एक ढाबा समेत सात दुकानों को निरीक्षण करके जांच की। उन्होंने बताया एक शिकायत के आधार पर ग्राम बाबरखेड़ा स्थित एक मिष्ठान विक्रेता के यहां से मावा बर्फी के सैंपल लेकर जांच के भेजा गया है। ग्राम सरवरखेड़ा में एक ढाबा संचालक पर आरोप था कि वहां बासी भोजन परोसा जा रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित ढाबा से उड़द-राजमा की पकी दाल का सैंपल लेकर जांच को भेजा गया है। वहीं सीएम हेल्पलाइन पर एक व्यक्ति ने ग्राम ढकिया गुलाबो में एक डेयरी संचालक पर मिलावटी दुग्ध पदार्थ बेचने का आरोप लगाया था। वहां से दही का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली बैठक

## राजनीतिक दलों को निर्वाचन आयोग के शेड्यूल से कराया अवगत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कैंप कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में निर्वाचन नामावली को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित शेड्यूल की विस्तृत जानकारी साझा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल करना और मृत, स्थानांतरित या डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाकर निर्वाचक नामावली को विश्वसनीय बनाना है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त कर इस प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दें। जानकारी दी गई कि जनपद नैनीताल के 1010 पोलिंग स्टेशनों के सापेक्ष भाजपा ने 1001 और कांग्रेस



ने 793 बीएलए नियुक्त किए हैं। जिलाधिकारी ने शेष बूथों पर भी जल्द नियुक्ति के निर्देश दिए। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि पात्रता की तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित है। 8 जून से 7 जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा। मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 14 जुलाई को होगा, जिसके बाद 13 अगस्त तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। इन आपत्तियों का निस्तारण 11 सितंबर तक कर दिया जाएगा और 15 सितंबर 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी ईआरओ और एईआरओ को कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है, अतः इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक राय, सिटी मजिस्ट्रेट ए.पी. बाजपेई, एडीईओ एच. डी. पाण्डे सहित बसपा के जिला अध्यक्ष शिव गणेश, कांग्रेस से कृष्णा पांडे, भाजपा से दिनेश खुल्बे व मनीष पाल और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बदले की भावना से वैर व क्षमा से बढ़ता है प्रेम: श्री हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत श्री श्री 1008 श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा एक ही है। उनके नाम उपासना पद्धतियां विभिन्न हो सकती हैं। हम सभी एक ही सर्वशक्तिमान की संतान हैं जो जीव मात्र का परम सुह्रदय हितैषी है। परमात्मा किसी से भी दूर नहीं है, लेकिन स्वार्थ के दलदल में फंसे इंसान की गति ऐसी है कि वह अपने भीतर स्थित परमात्मा को नहीं पहचान पा रहा है। सत्य को पहचानना,धर्म को पहचानना,दया को अपनाना, शांति मार्ग का चयन करना व क्षमादान में निपुणता ही परमात्मा का सत्य रूप है। सच्चा सुख



आनंद व शांति एकमात्र परमात्मा व अध्यात्म की शरण में ही है। परमात्मा से प्रेम, समाज की सेवा व स्वयं की खोज करें। जो प्रभु समर्पित होकर अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं उनकी हर प्रकार से देखभाल व रक्षा स्वयं प्रभु करते हैं। उन्होंने कहा कि मानव मन को धर्म व अध्यात्म से ही नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए धर्म विहीन मनुष्य को पशु तुल्य कहा गया है। आज लोगों के धर्म से भी विमुख होने के कारण ही मानवता की कमी भी दिखाई देने लगी है । हमें समाज को बदलने के लिए लोगों की दृष्टि बदलने की आवश्यकता है। किसी को सुधारने से पहले स्वयं को सुधारना चाहिए । उन्होंने कहा कि बदले की भावना से वैर, क्षमा से प्रेम बढ़ता है।

# गर्भवती पुत्री के पेट पर कलयुगी बाप ने मारी लात, हुआ गर्भपात

काशीपुर। कलयुगी पिता ने नशे में पत्नी व गर्भवती पुत्री के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान पुत्री के पेट में लात लगने से उसका गर्भपात हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ केस दर्ज किया है। मानपुर रोड निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 16 जून की शाम लगभग 7 बजे उसके पिता नशे में घर के बाहर आकर उसकी मां के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके पिता ने मां व उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान पिता की लात उसके पेट में लग गई। जब उसने 17 मई को उसने हॉस्पिटल जाकर अपना चेकअप करवाया तो डॉक्टर ने बताया की तुम्हारा गर्भपात हो गया है। कहा कि उसके पिता पूर्व में भी कई बार मां व उसके साथ लड़ाई झगड़ा व मारपीट करते रहते हैं और बाद में मांफी मांगकर समझौतानामा कर लेते थे। पुत्री ने अपने पिता के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पिता के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(3), 89 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बुलेट व टेंपो की टक्कर में दो घायल

काशीपुर। बीती शाम बुलेट बाइक व टैम्पों की आमने सामने की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये जबकि एक युवक को मामूली चोटे आई हैं। जानकारी के मुताबिक बीती शाम कुंडेश्वरी रोड स्थित सांई मंदिर के सामने बुलेट बाइक व टैम्पो की आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 21 वर्षीय अरूण पुत्र केसरी सिंह, 23 वर्षीय अमित सिंह पुत्र भगवान गंभीर रूप से घायल हो गये तथा तीसरे युवक को मामूली चोटे आई। टक्कर से टैम्पों भी क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस से घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

# किच्छा रेलवे फाटक पर अंडरपास निर्माण की प्रक्रिया शुरू

## विधायक तिलक राज बेहड़ के प्रयासों को मिली बड़ी सफलता

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा नगर में रेलवे फाटक पर वर्षों से लगने वाले भीषण जाम और आमजन को हो रही भारी परेशानियों को लेकर विधायक तिलक राज बेहड़ लगातार आवाज उठाते रहे हैं। इसी क्रम में विधायक बेहड़ ने स्वयं पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र का निरीक्षण कर अंडरपास निर्माण की संभावनाओं का जायजा लिया था तथा जिलाधिकारी ऊधमसिंहनगर को विस्तृत पत्र भेजकर किच्छा रेलवे फाटक क्षेत्र में अंडरपास निर्माण की मांग उठाई थी। अब इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर बड़ी प्रगति सामने आई है। उपजिलाधिकारी किच्छा द्वारा भेजे गए पत्र में अवगत कराया गया है कि जिलाधिकारी नितिन भदौरिया की अध्यक्षता में रेलवे विभाग से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें किच्छा में अंडरपास निर्माण को लेकर आवश्यक कार्यवाही को आगे बढ़ाया गया। बैठक में रेलवे विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि अंडरपास निर्माण हेतु जिलाधिकारी कार्यालय से अनुमति



प्राप्त हो चुकी है तथा वर्तमान में ड्राइंग एवं एस्टीमेट तैयार करने की प्रक्रिया जारी है। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि किच्छा रेलवे फाटक के कारण शहर की जनता, व्यापारियों, विद्यार्थियों, किसानों और राहगीरों को वर्षों से भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। फाटक बंद होने पर शहर में लंबा जाम लग जाता है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित होने के साथ ही एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। वर्तमान में दिनभर में लगभग 15 ट्रेनें इस रेलवे लाइन से होकर गुजरती हैं। उन्होंने बताया कि किच्छा नगर पालिका क्षेत्र में कुल 20 वार्ड हैं और यह वार्ड रेलवे के दोनों तरफ बने हुए हैं। लगभग 40 वर्ष पूर्व से किच्छा का साप्ताहिक हाट बाजार भी प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को फाटक के पूरब में ही लगता है जिसमें हजारों की तादात में लोगों को क्रॉसिंग पार करके पूरब की तरफ जाना पड़ता है। इन दोनों ही दिन पूरे शहर में जाम की स्थिति अनियंत्रित रहती है। किच्छा नगर पालिका द्वारा भी फाटक के पूरब की तरफ ही 6 एकड़ भूमि में ट्रेंचिंग ग्राउंड तथा गौशाला प्रस्तावित है तथा पालिका द्वारा इसके लिए भूमि खरीद ली गयी है। ऐसे में पालिका प्रशासन को पूरब के वार्डों का कूड़ा एकत्रित करने गाड़ियां भेजने में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है और गाड़ियां अक्सर जाम में फंस जाती हैं। विधायक तिलक राज बेहड़ ने प्रशासन एवं रेलवे विभाग द्वारा प्रक्रिया को आगे बढ़ाए जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि किच्छा की जनता को जाम से स्थायी राहत दिलाने के लिए अंडरपास निर्माण अत्यंत आवश्यक है और उनका यह प्रयास लगातार जारी रहेगा।

# एसएसपी अजय गणपति ने की मासिक अपराध समीक्षा

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 18 पुलिसकर्मी सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने पुलिस कार्यालय में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों और शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान एसएसपी ने कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और विशिष्ट कार्य करने वाले 18 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसएसपी अजय गणपति ने सबसे पहले



पुलिस कार्मिकों का सम्मेलन लेकर उनकी विभागीय, व्यक्तिगत और पारिवारिक समस्याओं की जानकारी ली और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी ने जनपद के थानों में दर्ज अपराधों, अभियुक्तों के विरुद्ध की गई कार्यवाही और लंबित विवेचनाओं की गुणवत्तापूर्वक समीक्षा की। उन्होंने सभी विवेचकों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का समय सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बीट अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहने और जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए गए। महिला सुरक्षा से संबंधित मामलों में तत्काल कार्यवाही करने और बाहरी व्यक्तियों व किरायेदारों का शत-प्रतिशत सत्यापन करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, साइबर ठगी से बचाव के लिए स्कूल-कॉलेजों और आम जनता के बीच जागरूकता गोष्ठी आयोजित करने को कहा गया। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि हिस्ट्रीशीटरों की निरंतर निगरानी की जाए और सक्रिय अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाए। नशा तस्करी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एसएसपी ने ऑपरेशन प्रहार और ऑपरेशन लगाम के तहत प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध मादक पदार्थों और शराब की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के बैकवर्ड व फॉरवर्ड लिंकेज का पता लगाकर उनके खिलाफ गुंडा, गैंगस्टर और पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की जाए। साथ ही ऐसे अपराधियों की हिस्ट्रीशीट भी खोली जाए। अंत में, एसएसपी ने उत्कृष्ट कार्य कर विभाग का मान बढ़ाने वाले 18 पुलिस कर्मियों को इनाम व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। बैठक में जनपद के सभी पुलिस उपाधीक्षक और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत के सामान के दुरुपयोग का आरोप

नानकमत्ता। सितारगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरोजा के ग्राम प्रधान राज सिंह ने पूर्व प्रधान सुखविंदर सिंह मोमी पर ग्राम पंचायत के सामान के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी समेत उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी है। ग्राम प्रधान राज सिंह का कहना है कि पूर्व प्रधान ने अपने कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा खरीदे गए सामान का निजी उपयोग किया। शिकायत में एसी, इनवर्टर समेत करीब 95 हजार रुपये के सामान का उल्लेख किया गया है। प्रधान ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत का एसी एक धार्मिक संस्था के गुरुद्वारे में इस्तेमाल किया जा रहा था, जिसकी उन्हें जानकारी नहीं थी। प्रधान राज सिंह ने कहा कि यदि ग्राम पंचायत की अनुमति से गुरुद्वारे में एसी लगाया गया होता तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन बिना जानकारी के पंचायत की संपत्ति का उपयोग करना गलत है। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पूर्व प्रधान सुखविंदर सिंह मोमी ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि एक इनवर्टर समेत पंचायत का पूरा सामान फरवरी माह में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को सुपुर्द कर दिया गया था।

# 6 सड़कों का किया शिलान्यास

काशीपुर। महापौर दीपक बाली ने 74 लाख 18 हजार रुपए की लागत से बनने वाली 6 सड़कों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर बीना नेगी मयंक मेहता तबस्सुम चौधरी समरपाल सिंह विपिन अरोड़ा जयदीप ढोंडियाल ज्योतिर्मय बिष्ट कुंदन बिष्ट संजीव माटा प्रकाश नेगी महेंद्र प्रधान प्रताप सिंह बजेटा अरविंद सहित आदि मौजूद रहे।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इन्दौर
पीठासीन अधिकारी : शिवराज सिंह गवली
संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु
110015
112008
244713
452015
226010
md@ukpc.in & info@ukpc.in
सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जिला न्यायालय इन्दौर

# युवा साहित्यकार अर्पित सर्वेश ने विश्व स्तर पर बढ़ाया भारत का मान

## मात्र 23 वर्ष की आयु में 32 से अधिक पुस्तकें और 500 कविताएं लिखकर स्थापित किया अंतरराष्ट्रीय कीर्तिमान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। युवा साहित्यकार अर्पित सर्वेश का नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जा रहा है। कम आयु में जिस प्रकार उन्होंने साहित्य के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, वह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। अर्पित शुक्ला जिन्हें अर्पित सर्वेश के नाम से साहित्य जगत में जाना जाता है, बचपन से ही साहित्य और शब्दों के प्रति विशेष आकर्षण रखते थे। मात्र 23 वर्ष की आयु में 32 से अधिक पुस्तकों का सृजन कर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। उनकी रचनाओं में प्रेम, समाज, राष्ट्रभक्ति, आध्यात्मिकता, जीवन दर्शन और मानव संवेदनाओं का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। उनकी प्रमुख कृतियों में वर्ड्स ऑफ अर्पित, अर्पित नीति, भारत की वास्तविकता, क्वेश्चंस ऑफ एवरीवन, ग्लिम्प्स ऑफ एटर्निटी, व्हाई एम आई, इंसेन लवर, अर्पित की नीति और अप्रेन्द्रे इंग्लिश ग्रामर जैसी पुस्तकें विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

अर्पित सर्वेश की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक उनका बहुभाषीय साहित्यिक योगदान है। उन्होंने अपनी रचनाओं को विश्व की अनेक भाषाओं तक पहुँचाकर भारतीय साहित्य को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान किया। उनकी कृतियाँ तुर्की, फ्रेंच, इटालियन, जर्मन, स्पेनिश, हिब्रू, स्वाहिली, वियतनामी, डेनिश, अरबी, जापानी, रूसी, पुर्तगाली, चीनी और कोरियाई भाषाओं में प्रकाशित हुईं। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति का वैश्विक परिचय है। उनकी अंतरराष्ट्रीय पुस्तकों तेक्लीफ पोलितिका, ले एन्सेन्मेंट्स डी अर्पित, पोलिटिका डेडिकाटा, लॉस पेनसामिएंटोस डे अर्पित, अर्पित पोलितिका और पोलिटिका डी ओफर्टा ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय साहित्य की पहुँच विश्व के हर कोने



तक हो सकती है। अर्पित सर्वेश को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए विश्व रिकॉर्ड प्रमाणपत्र से भी सम्मानित किया जा चुका है। वे कम आयु में बहुभाषीय साहित्यिक योगदान देने वाले युवा साहित्यकारों में विशेष स्थान रखते हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से भी सम्मानित किया गया है। उनकी लेखनी की सबसे बड़ी विशेषता उसकी सादगी और गहराई है। वे कठिन शब्दों के बजाय सरल भाषा में ऐसे विचार प्रस्तुत करते हैं, जो सीधे पाठकों के हृदय को स्पर्श करते हैं। उनकी रचनाओं में समाज के प्रति जागरूकता, राष्ट्र के प्रति समर्पण और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। आज के समय में जब युवा वर्ग दिशाहीनता से जूझ रहा है, तब अर्पित सर्वेश जैसे युवा प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरते हैं। उन्होंने अपनी लेखनी से भारत का नाम विश्वभर में रोशन किया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक साबित होगी।

# हरिदास मंडल ने सकैनिया गांव के तालाब की बदहाली पर जताई चिंता

गदरपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर क्षेत्र के सकैनिया गांव में पहुंचे समाजसेवी हरिदास मंडल का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद पुलिस चौकी के पीछे तालाब के आसपास बसे ग्रामीणों ने उनके सामने तालाब की भीषण गंदगी व तालाब के पानी की निकासी न होने की समस्या को प्रमुखता से उठाया। तालाब की इस बदहाल स्थिति को लेकर समाजसेवी हरिदास मंडल ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि तालाब के आसपास रहने वाले लोग वर्षों से नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान की ओर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हरिदास मंडल ने बताया कि तालाब में भारी गंदगी जमा होने और पानी की



उचित निकासी न होने के कारण बरसात के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं। तालाब का दूषित पानी आसपास बसे लोगों के घरों में घुस जाता है, जिससे स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गंदगी और बदबू के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा भी लगातार बना रहता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं मिलना उनका अधिकार है और यदि जनता उन्हें मौका देती है तो वह पूरी निष्ठा के साथ क्षेत्र की सेवा करेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को तालाब की सफाई कराने, पानी निकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने और क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का पूरा भरोसा दिलाया। इस दौरान स्थानीय लोगोंने भी प्रशासन से जल्द से जल्द इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग उठाई है।

# विकास योजनाओं के लिए 29.10 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अवस्थापना विकास, पेयजल व्यवस्था तथा जनसुविधाओं के विकास से संबंधित योजनाओं के लिए 29.10 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल सके। मुख्यमंत्री ने आवास विभाग के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के नीलकंठ में बहुमंजिला पार्किंग निर्माण कार्य हेतु 48.82 करोड़ रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही प्रथम किश्त के रूप में 19.53 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इसके साथ ही जनपद अल्मोड़ा में विधानसभा सोमेश्वर के अन्तर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं ग्राम सभाओं में सुचारू पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु 38 इण्डिया मार्क ण्ण हैण्डपम्प स्थापित किये जाने हेतु 1.36 करोड़ रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में 50 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल की हिण्डोलाखाल पम्पिंग पेयजल योजना के अन्तर्गत विद्युत यांत्रिक कार्य हेतु ऊर्जा दक्ष पम्पों के क्रय की योजना के लिए 9.73 करोड़ रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रथम किश्त के रूप में 3.89 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। मुख्यमंत्री ने नगर निगम पिथौरागढ़ क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नेडा बस्ते में देवभूमि रजत जयंती पार्क निर्माण कार्य हेतु 9.81 करोड़ रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में 1.97 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। इसके साथ ही कुम्भ मेला 2027 के अन्तर्गत पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम द्वारा प्रस्तावित अस्थायी प्रकृति के 10 मरम्मत कार्यों हेतु 3.21 करोड़ रुपए की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, अवस्थापना सुविधाओं के साथ जनसुविधाओं के विकास के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। विकास योजनाओं के समय पर क्रियान्वयन होने से प्रदेश की जनता को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा तथा क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।




# सचिव आपदा प्रबंधन ने जगबूढ़ा नदी के बाढ़ सुरक्षा कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

## वर्षाकाल से पूर्व सभी सुरक्षा कार्य पूरे करने के निर्देश, अधिकारियों से मांगे नए एस्टीमेट और प्लान

खटीमा (उद संवाददाता)। सचिव आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विनोद कुमार सुमन ने खटीमा पहुंचकर नेपाल सीमा पर स्थित मेलाघाट में जगबूढ़ा नदी के भू कटाव की रोकथाम के दृष्टिगत बाढ़ सुरक्षा कार्य कराए जाने हेतु स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता को कड़े निर्देश दिए कि जहाँ पर भी अति आवश्यक है, वहां पर शीघ्रता से बाढ़ सुरक्षा कार्य करा लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन भी जगहों पर नए बाढ़ सुरक्षा कार्य कराए जाने हैं, उनका एस्टीमेट तत्काल बनाकर भेजा जाए ताकि शासन स्तर से बजट उपलब्ध होते ही जनपद को धनराशि आवंटित की जा सके। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनता व जनप्रतितिधियों से भी





वार्ता की और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जरूरी जानकारियां लीं। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने लोहियाहेड कैम्प कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जहाँ कहीं भी बाढ़ सुरक्षा कार्य कराए जा रहे हैं, उन्हें आगामी वर्षाकाल से पूर्व ही हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। इसके साथ ही भविष्य में होने वाले कार्यों का प्लान पहले से ही बनाकर तैयार रखा जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र व जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी ने सचिव को अवगत कराया कि नेपाल सीमा पर जगबूढ़ा नदी से एसएसबी चौकी तथा मेलाघाट सिसैया के बचाव हेतु बाढ़ सुरक्षा कार्य कराया जाना बेहद आवश्यक है। इसके साथ ही मोहम्मदपुर भुड़िया को देवहा नदी के कटाव से बचाने के लिए भी बाढ़ सुरक्षा कार्यों की सख्त जरूरत है। इस पर विनोद कुमार सुमन ने कहा कि बाढ़ सुरक्षा के जो छोटे छोटे कार्य हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए ताकि समय रहते अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि वर्षाकाल प्रारंभ होने वाला है, इसलिए आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत विभाग अपनी पूरी तैयारी चुस्त-दुरुस्त रखे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन कुमार, मनोज साही, रनदीप पोखरिया, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, अधीक्षण अभियंता सिंचाई पी के दीक्षित, अधिशासी अभियंता आनंद सिंह नेगी सहित तमाम अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस अड्डे पर अपराधी व नशेड़ियों की लग रही जमघट, यात्रियों की सुरक्षा सवालों के घेरे में

**-मनोज श्रीवास्तव-**

काशीपुर। पुलिस और प्रशासन की लापरवाह कार्यशैली के कारण रोडवेज बस स्टैंड के आसपास का इलाका एक बार फिर से असुरक्षित हो चला है। मारपीट लड़ाई झगड़ा गाली गलौज अपराधिक घटनाएं शराब खोरी व नशाखोरी यहां आम बात है। इस तरह के माहौल में रोडवेज बस स्टैंड के समीप यदि कभी कोई बड़ी वारदात घटित हो जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगा। ज्ञातव्य है कि बाजपुर रोड पर रोडवेज बस स्टैंड के सामने आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) निर्माण के बाद से बस स्टैंड से होकर जाने वाली अधिकांश बसों के रूट बदल दिए गए लेकिन जिन बसों का आवागमन है उनके यात्री रोडवेज बस स्टैंड के आसपास बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है। रोडवेज के ठीक समीप से होकर गुजर रही रेलवे लाइन के किनारे ओवर ब्रिज के नीचे जहां एक और दर्जनों की तादात में खानाबदोश (मांगने खाने वाले) परिवारों ने डेरा डाल रखा है वहीं दूसरी ओर रोडवेज बस स्टैंड के गेट पर नशेड़ियों अपराधी व अराजक तत्वों का जमावड़ा होने के कारण इधर से होकर सम्राट परिवार की महिलाओं स्कूली छात्राओं एवं दूर दराज की यात्रा करने वाले यात्रियों का खड़ा होना अथवा राह से होकर गुजरना दूभर है। सूत्रों का कहना है कि बस स्टैंड के गेट के ठीक सामने खुले फास्ट फूड के ठेलों पर खुलेआम शराब पिलाई जा रही है। ठीक बगल में देसी शराब का अड्डा होने के कारण शराबी कैंटीन की बजाय खुले में रोडवेज परिसर के अंदर अथवा गेट के सामने खुली फास्ट फूड की दुकानों पर पैग से पैग टकराते देखे जा रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज से देखा जाए तो यह बेहद गंभीर मामला है। यही रोडवेज बस स्टैंड की गेट के ठीक सामने अवैध तरीके से टैक्सी स्टैंड बनाया गया है जहां नंबर लगाने के नाम पर गुंडा टैक्स के वसूली की सूचना है। अब यहां काबिले गौर यह है कि रोडवेज बस स्टैंड के गेट के आसपास जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर यदि ऐसा असुरक्षित माहौल है तो अपराधिक घटनाएं अथवा झगड़ा फसाद



आम बात है। **सरकार के राजस्व को भी लग रहा चूना :** रोडवेज बस स्टैंड के अंदर और बाहर से प्राइवेट गाड़ियां प्रतिदिन नंबर लगाकर सवारियों को ढोने का काम कर रही है। सरकारी बस स्टैंड से सवारियों को उठाने का मतलब सरकार के राजस्व को चूना लगाना है लेकिन सब कुछ देखकर भी जिम्मेदार अधिकारी अथवा प्रशासन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। स्कूलों में लगी कुछ मैजिक अथवा अन्य प्राइवेट वाहन रोडवेज गेट के बाहर से नंबर लगाकर रुद्रपुर की सवारियां ढो रहे हैं। **खंडहर हो चुकी पुलिस चौकी में नशेड़ी फूंक रहे चिलम :** काशीपुर। रोडवेज बस स्टैंड के गेट पर यात्रियोंकी सुरक्षा के लिहाज से स्थापित पुलिस चौकी रखरखाव के अभाव में खंडहर होकर नशेड़ियों का महफूज अड्डा बन चुकी है। खंडहर हो चुकी पुलिस चौकी में नशेड़ी चिलम फूंकते देखे जा रहे हैं। यहां ताश के पत्तों में हार जीत की बाजी भी लगाई जाती है। रोडवेज की गेट पर इस तरह की अड्डे बाजी से दूर दराज की यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लग चुका है। लोगों का कहना है कि इस ओर नियमित चेकिंग और गश्त न होने के कारण अपराधिक घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

# हरिपुर कालसी में बन रहा उत्तराखंड का पहला भव्य यमुना घाट

## धामी के विजन से जौनसार बावर क्षेत्र को मिलेगी नई धार्मिक पहचान, लौटेगी सदियों पुरानी तीर्थ परंपरा





देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून जनपद के हरिपुर कालसी में निर्माणाधीन राज्य के पहले भव्य यमुना घाट के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए इसे आगामी जुलाई माह तक हर हाल में पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए हैं। धामी सरकार के धार्मिक पुनर्जागरण मॉडल के तहत आकार ले रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2024 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर किया गया था। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप हरिपुर कालसी को एक ऐतिहासिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थ स्थल के रूप में पुन: स्थापित करने की दिशा में यह परियोजना बेहद तेजी से आगे बढ़ रही है। इस भव्य घाट निर्माण कार्य की कमान मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) को सौंपी गई है, जो नोडल एजेंसी के रूप में इस पूरे प्रोजेक्ट की नियमित देखरेख और तकनीकी गुणवत्ता सुनिश्चित कर रहा है। देखा जाए तो देवभूमि उत्तराखंड यमुनोत्री धाम के रूप में मां यमुना के पावन उद्गम स्थल की भूमि है, लेकिन इसके बावजूद राज्य में अब तक ऐसा कोई सुव्यवस्थित और विकसित घाट मौजूद नहीं था, जहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग पवित्र स्नान व धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर सकें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनभावनाओं और इस बड़ी आवश्यकता को गंभीरता से समझते हुए इसे अपनी विशेष घोषणा सूची में शामिल किया था और हरिपुर कालसी में भव्य यमुना घाट निर्माण का दृढ़ संकल्प लिया था। करीब एक किलोमीटर की लंबाई में तैयार हो रहे इस आधुनिक व पारंपरिक शैली के घाट को उत्तराखंड में मां यमुना का पहला सबसे विशाल घाट होने का गौरव प्राप्त होगा, जहां एक साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र स्नान, ध्यान और आरती कर सकेंगे। यह संपूर्ण क्षेत्र आने वाले समय में आस्था, इतिहास और पर्यटन का एक अद्भुत संगम बनकर उभरेगा। ऐतिहासिक और पौराणिक उल्लेखों के अनुसार, हरिपुर का यह यमुना तट कभी एक बेहद समृद्ध और प्रमुख धार्मिक तीर्थ स्थल हुआ करता था, जो कालांतर में आई भीषण बाढ़ की चपेट में आकर पूरी तरह बह गया और इसका अस्तित्व सिमट गया था। मुख्यमंत्री धामी ने इस लुप्त हो चुकी ऐतिहासिक व धार्मिक धरोहर को पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया और यहां भव्य घाट निर्माण की नींव रखी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार हरिपुर यमुना घाट को देश के एक प्रमुख धार्मिक धाम के रूप में विकसित करने के लिए पूरी तरह से वचनबद्ध है। उन्होंने रेखांकित किया कि यह परियोजना न केवल जौनसार बावर क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण और मां यमुना में अटूट आस्था रखने वाले दुनिया भर के लाखों श्रद्धालुओं के लिए भी एक बड़ा श्रद्धा का केंद्र बनेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल इस भव्य परियोजना के लिए आगामी बजट में भी पर्याप्त धनराशि का विशेष प्रावधान किया गया है, ताकि बजट के अभाव में काम प्रभावित न हो। उन्होंने प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया है कि जुलाई माह की तय समयसीमा के भीतर ही सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे कर लिए जाएं। इसी बीच विकास कार्यों को और भव्यता देने के लिए हरिपुर यमुना घाट के समीप स्थित पुराने पुल के पिलर पर 25 फुट ऊंची मां यमुना की एक बेहद भव्य और अलौकिक प्रतिमा स्थापित किए जाने की तैयारियां भी युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई हैं। इसके साथ ही घाट परिसर के पास ही एक विशाल मंदिर निर्माण के लिए स्थानीय स्तर पर भूमि भी दान स्वरूप प्राप्त हो चुकी है, जिसे शामिल करते हुए आगे की वृहद कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है।इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को नए पंख लगेंगे और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

# करोड़ों का आईपीएल का सट्टा लगा चुके दो भाइयों सहित तीन दबोचे



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऑपरेशन प्रहार अभियान में एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए एसएसपी मंजुनाथ टी.सी. के निर्देश पर पुलिस व एसओजी टीम ने आईपीएल सट्टा गैंग का करोड़ो का खेल बेनकाब कर दो भाइयों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।उनके कब्जे से महंगे मोबाइल, 51 हजार नगद व क्रेटा वाहन बरामद किया गया है। मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टी.सी. के दिशा-निर्देश में जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत सुशील जोशी थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में उप निरीक्षक वीरेंद्र चंद व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा आईपीएल सट्टेबाजी के खिलाफ बडी कार्यवाही करते हुए 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा तीनों अभियुक्तो को सट्टा लगाते हुए एस मोड के पास मधुबन कॉलोनी स्थित खाली प्लॉट, थाना मुखानी से गिरफ्तार किया। उनके पास से 06 मोबाइल फोन, एक रजिस्टर, एक पेन एवं 51,100 रुपए नगद व क्रेटा कार संख्या यूपी 25 ई एल 4419 बरामद की गई। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता रवि गुप्ता उर्फ झबरा पुत्र स्व. धर्मपाल गुप्ता निवासी दुर्गा कॉलोनी, थाना बनभूलपुरा, रोहित गुप्ता पुत्र धर्मपाल गुप्ता निवासी दुर्गा कॉलोनी, थाना बनभूलपुरा व मोहित प्रसाद पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी नारायण नगर विक्टोरिया नंबर-1, मुखानी बताया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त प्रतिदिन लगभग 07 से 08 लाख रुपये तक का सट्टा संचालित करते थे तथा अब तक करीब 3 करोड 50 लाख रुपए तक का सट्टा खिलाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त रवि गुप्ता के विरूद्व बनभूलपुरा कोतवाली में कई अभियोग दर्ज हैं।एसएसपी ने पुलिस टीम के उसे उत्साहवर्धन हेतु 2000 रुपए का नगद पुरुस्कार से पुरुस्कृत किया है।पुलिस टीम में उप निरीक्षक वीरेंद्र चंद, हेड कांस्टेबल कुंदन कठायत, हेड कांस्टेबल त्रिलोक रौतेला, कांस्टेबल अशोक रावत, भूपेंद्र जेष्ठा, भानु प्रताप ओली, सुरेश देवडी व भगवती पाठक शामिल थे।

# दिल्ली जाने के लिए घर से निकला किशोर लापता

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राजा कॉलोनी निवासी एक महिला का 14 वर्षीय पुत्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। किशोर घर से दिल्ली जाने की बात कहकर निकला था, जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। राजा कॉलोनी निवासी मंजू देवी पत्नी करम चंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र कृष्णा उम्र लगभग 14 वर्ष बीते दिनों शाम करीब 4:30 बजे घर पर यह बोलकर गया था कि वह दिल्ली जा रहा है। इसके बाद जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने अपने स्तर से किशोर की सभी संभावित ठिकानों और अपनी तमाम रिश्तेदारियों में काफी खोजबीन की, लेकिन कृष्णा का कहीं कुछ पता नहीं चल सका। थक-हारकर पीड़िता ने ट्रांजिट कैंप पुलिस की शरण ली और पुत्र की बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और किशोर की फोटो के आधार पर उसकी तलाश की जा रही है।

# न्यूनतम वेतन को लेकर आशा वर्कर करेंगी जिला सम्मेलन



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ऐक्टू से संबंध उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की जिला कमेटी की बैठक में सभी ब्लाकों में मीटिंग व ब्लॉको के सम्मेलन करते हुए जल्द ही जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया।उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की जिला कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए ऐक्टू राज्य सचिव केके बोरा ने कहा कि देश में तमाम महिला स्कीम वर्कर्स की मेहनत का शोषण सरकार कर रही है। आशा वर्कर्स को स्वास्थ्य विभाग के हर छोटे मोटे काम सौंप दिए जाते हैं। उनको एक राज्य कर्मचारी से ज्यादा काम करना पड़ता है परंतु अभी तक उनको ना तो राज्य कर्मचारी का दर्जा प्राप्त है ना ही उनको न्यूनतम वेतन ही दिया जाता है। यूनियन की जिला सचिव रीता कश्यप ने कहा कि आशा वर्कर्स ने ऐक्टू के नेतृत्व में यूनियन बनाकर अपने हक अधिकार की लड़ाई को लड़ा है। हमारी सबसे बड़ी मांग राज्य कर्मचारी का दर्जा और न्यूनतम वेतन प्राप्त करने की है। इन मांगो के लिए लड़ाई एक मजबूत संगठन के बल पर ही लड़ी जा सकती है। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक ब्लॉक में ब्लॉक मीटिंग व ब्लाकों में ब्लॉक सम्मेलन करते हुए जिला सम्मेलन जल्द ही जून तक प्रस्तावित हैं। उसके उपरांत जिले का सम्मेलन जुलाई में किया जाएगा। बैठक में यूनियन जिला उपसचिव अनिता अन्ना, सुधा शर्मा, चित्रा चौहान, शर्मिन सिद्दीकी आदि पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# काया आयुर्वेद कॉलेज के छात्रों ने सीपीआर का लिया प्रशिक्षण



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद जयपुर के प्रोफेसर डॉ हरीश भाकुनी एवम प्रो. डॉ. दीप्ति बिष्ट ने शिक्षको एवम छात्रो में लेक्चर दिया। एनआईए के प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉ. दीप्ति बिष्ट ने बेसिक लाइफ सपोर्ट के अंतर्गत सीपीआर विषय का वैज्ञानिक विवरण दिया एवम छात्रो को इसका अभ्यास करवाया। सभी ने इस विषय को प्रैक्टिकली किया। कार्यक्रम के प्रारंभ मे प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. विनय खुल्लर ने आए हुए चिकित्सकों का स्वागत किया।काया चिकित्सक प्रोफेसर डॉ हरीश भाकुनी ने श्वास रोग एवम मधुमेह रोग के सापेक्ष निदान एवं चिकित्सा पर विस्तृत चर्चा की। उअंत में प्राचार्य डॉ विनय खुल्लर ने आय हुए आगंतुक चिकित्सकों का धन्यवाद प्रस्तुत कियाकार्यक्रम का संचालन असैटेंट प्रोफेसर डॉ. नीतू भट्ट ने किया। संगोष्ठी में डॉ. नेहा उपाध्याय , डॉ. स्वाति भट्ट, डॉ. श्वेता पॉल, डॉ. महेंद्र बोरा, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. निवेदिता, डॉ. दीपिका, डॉ. किरन, डॉ. महेंद्र कार्की, डीएमएस डॉ स्वप्निल आदि मौजूद थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भारत की आर्थिक चुनौतियां

इसमें कोई दोराय नहीं कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद जिस स्तर पर वैश्विक अनिश्चितता की स्थिति पैदा हुई, उसका प्रभाव दुनिया के ज्यादातर देशों पर पड़ा है। भारत में भी आपूर्ति शृंखला बाधित होने की वजह से कई स्तर पर झटके लगे हैं, जिसका सीधा असर देश की आर्थिक संरचना पर पड़ा है। इसके बावजूद भारत ने अपने स्तर पर हालात से निपटने की कोशिश की है और यही वजह है कि आने वाले दिनों की चुनौतियों के समांतर कुछ सकारात्मक संकेत अब भी कायम हैं।वैश्विक स्तर पर ज्यादातर देशों को लगे आर्थिक झटकों के असर का दायरा अब भी फैल रहा है और शायद संयुक्त राष्ट्र की ओर से इन्हीं वजहों से भारत की विकास दर प्रभावित होने की आशंका जाहिर की गई है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान में कटौती कर दी गई है। इसके मुताबिक, वर्ष 2026 में भारत की विकास दर 6.6 प्रतिशत से घटकर 6.4 प्रतिशत हो सकती है।निश्चित तौर पर यह भारत के लिए एक चुनौती भरा वक्त साबित हो सकता है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने जिस तरह विकास दर में इस अनुमानित संशोधन के बावजूद भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में एक बने रहने का आकलन पेश किया है, उससे एक उम्मीद भी पैदा होती है। दरअसल, पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद जैसी स्थितियां पैदा हुईं, उसका असर इस रूप में आने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। सच यह है कि न केवल भारत, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अप्रत्याशित साबित हो रहे संकट का दायरा और भी विस्तृत हो सकता है, क्योंकि 2026 के लिए वैश्विक जीडीपी वृद्धि का अनुमान भी महज 2.5 प्रतिशत आंका गया है। यह छिपा नहीं है कि दुनिया के ज्यादातर प्रभावित देशों में इसकी वजह से विकास की रफ्तार धीमी हुई है और सभी जगहों पर महंगाई का दबाव तेजी से बढ़ा है। आम लोगों की क्रयशक्ति कमजोर होने का सीधा असर बाजार पर पड़ता है और उसका सिरा आगे उत्पादन क्षेत्र तक भी जाता है। ऐसे में इससे निपटने के लिए नीति-निर्माण के मामले में विकल्प कम होते जाते हैं। हालांकि वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा कीमतों में उछाल और व्यापारिक अनिश्चितता का प्रत्यक्ष प्रभाव भारत समेत कई अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है। खासतौर पर ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध से उपजे हालात से तेल आयात पर निर्भर बवनदजतपमे की चिंताएं बढ़ी हैं। सच यह है कि जिस तरह ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया, उसकी वजह से अन्य देशों के साथ-साथ भारत को भी इसका बड़ा खमियाजा उठाना पड़ा है।

# डीएम ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

## मरीजों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए दिए पुख्ता इंतजाम के निर्देश

चम्पावत (उद संवाददाता)। जनपद में बढ़ती गर्मी और हीट वेव की संभावनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने गुरुवार को जिला अस्पताल चम्पावत का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को मिल रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि भीषण गर्मी के मौसम में अस्पताल आने वाले किसी भी व्यक्ति को असुविधा नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में पेयजल व्यवस्था, बैठने की सुविधा, जन औषधि केंद्र और शौचालयों की स्वच्छता का निरीक्षण किया। उन्होंने आईसीयू वार्ड में जाकर भर्ती मरीजों का हाल जाना और वहां वातानुकूलन (एसी), साफ-सफाई व उपकरणों की उपलब्धता की जांच की। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि अस्पताल में लगे सभी एसी की समय-समय पर सर्विसिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि वार्डों में तापमान नियंत्रित रहे और मरीजों को राहत मिले। अस्पताल में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल में पानी की उपलब्धता चौबीस घंटे सुचारु बनी रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पानी की कमी के कारण मरीजों या तीमारदारों को परेशान होना पड़ा, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां मौजूद तीमारदारों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल स्टाफ मरीजों के साथ संवेदनशील और सहज व्यवहार करें। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने आमजन से अपील की कि यदि अस्पताल में कोई समस्या या शिकायत हो, तो सीधे उच्चाधिकारियों को सूचित करें ताकि तत्काल समाधान किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश चौहान, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हीरा सिंह ह्यांकी सहित अन्य चिकित्साकर्मी उपस्थित रहे।



# तामली पेयजल योजना के लिए एक करोड़ की पहली किस्त जारी

चम्पावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जनपद के सीमांत एवं दूरस्थ क्षेत्रों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 628/2024 के अंतर्गत तामली मल्टी विलेज (बहु ग्रामीण) पंपिंग पेयजल योजना को 1457.21 लाख रुपए (लगभग 14.57 करोड़ रुपए) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने योजना के त्वरित क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए एक करोड़ रुपए की प्रथम किस्त भी अवमुक्त कर दी है। यह महत्वाकांक्षी योजना सीमांत क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। योजना के क्रियान्वयन से तामली, पोलप, बचकोट एवं नाग सहित लगभग 21 किलोमीटर क्षेत्रफल में बसे गांवों के 400 से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। अब इन दुर्गम और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को नियमित, स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। राज्य सरकार की इस दूरदर्शी पहल के अंतर्गत अत्याधुनिक लिफ्ट (पंपिंग) आधारित पेयजल प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था को स्थायी एवं मजबूत बनाया जा सके। योजना में तकनीकी रूप से व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। वर्तमान में उपलब्ध 0.68 किलोमीटर लंबी राइजिंग मेन लाइन को बढ़ाकर 4.38 किलोमीटर तक विस्तारित किया जाएगा, जबकि 4.18 किलोमीटर लंबी सप्लाई मेन लाइन को बढ़ाकर 7.80 किलोमीटर तक विकसित किया जाएगा। इससे जल वितरण प्रणाली अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं दीर्घकालिक बन सकेगी। व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित इस परियोजना में 1349.04 लाख रुपए की पूंजीगत लागत तथा 108.17 लाख रुपए का सेंटेज शुल्क शामिल है। योजना का निर्माण एवं क्रियान्वयन उत्तराखंड पेयजल निगम द्वारा किया जाएगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि योजना की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए और कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए।



# कोतवाल विजय मेहता को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन की ओर से हल्द्वानी कोतवाल विजय मेहता को उनके उत्कृष्ट कार्यों, बेहतर पुलिसिंग एवं जनहित में किए जा रहे सराहनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। कोतवाली हल्द्वानी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर व्यापारियों ने कहा कि विजय मेहता ने अपने कार्यकाल के दौरान न केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा, बल्कि आमजन और व्यापारिक



समुदाय की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा सकारात्मक और संवेदनशील कार्यशैली अपनाई है। उनके नेतृत्व में पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों में सुरक्षा व विश्वास की भावना मजबूत हुई है। ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज और व्यापारिक हितों के प्रति समर्पित अधिकारियों का सम्मान करना संस्था के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कोतवाल विजय मेहता के उज्ज्वल कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सबरवाल, महामंत्री खीमानंद शर्मा, इंदर भूटियानी, चंद्रशेखर पांडेय, हाजी मंसूर खान, शंकर भूटियानी, जसपाल मलदार, मनजीत सेठी, मुकेश खन्ना, पंकज वोहरा सहित कई अन्य व्यापारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# स्कूलों में बच्चों को बताया जाएगा गाय का महत्व

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र अन्थवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में पशु क्रूरता निवारण समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में गौवंश के प्रति अपराधों पर प्रभावी रोक लगाने और निराश्रित गौवंश की समस्या के स्थायी समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्ष राजेन्द्र अन्थवाल ने बताया कि राज्य सरकार निराश्रित पशुओं के संरक्षण और किसानों की सहायता के लिए ग्राम्य गौ सेवक योजना चला रही है। इसके तहत पांच निराश्रित पशुओं के पालन पर 80 रुपये प्रति दिन की दर से भुगतान किया जाता है। उन्होंने जनपद के सभी आठों विकास खंडों में गौशालाओं की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर भूमि का आवंटन हो चुका है, वहां निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया कि गौलापार, चोरगलिया, कैंचीधाम और मालधनचौड़ में भूमि चिन्हिकरण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। बैठक में गौवंश के प्रति क्रूरता करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अध्यक्ष ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी शिकायतों को गंभीरता से लेकर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूलों में बच्चों को गाय के महत्व और हमारी सांस्कृतिक धरोहर के रूप में उसकी भूमिका के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने अपील की कि गौवंश संबंधी किसी भी अपराध की सूचना सबसे पहले पुलिस को दें ताकि अफवाहों को फैलने से रोका जा सके। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बैठक में जानकारी दी कि ग्राम्य गौ सेवक योजना के तहत जनपद के पर्वतीय क्षेत्रों में 54 लोगों का चयन किया गया है, जिनमें से 24 लोगों को लाभ मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन में जनपद नैनीताल पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे, अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल, नगर आयुक्त पारितोष वर्मा, सीओ अमित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और गौशाला संचालक उपस्थित रहे।



# बनबसा में बागात फसल और मत्स्य पालन ठेकों की नीलामी तीन जून को

बनबसा (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद चम्पावत के बनबसा क्षेत्र अंतर्गत बागात फसल बहार एवं व्यावसायिक मत्स्य आखेट अधिकारों की संयुक्त सार्वजनिक खुली नीलामी आयोजित की जाएगी। यह नीलामी प्रक्रिया आगामी 3 जून 2026 को सहायक अभियन्ता कार्यालय, बनबसा में जिला प्रशासन की प्रत्यक्ष निगरानी में संपन्न होगी। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशों के क्रम में संपूर्ण नीलामी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं नियमबद्ध ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपराह्न 12:00 बजे से बागात फसल बहार की नीलामी प्रारंभ होगी। इसके अंतर्गत 10 एकड़ क्षेत्रफल वाले स्कूल प्लाट बाग में स्थित 193 आम एवं 1 अमरूद के वृक्षों तथा 5 एकड़ क्षेत्रफल वाले हमीद बाग में स्थित 32 आम, 17 लीची एवं 8 कटहल के वृक्षों की नीलामी की जाएगी। इसके उपरांत अपराह्न 1:00 बजे से शारदा बैराज एवं सिल्ट इजेक्टर क्षेत्र में व्यावसायिक मत्स्य आखेट अधिकारों की खुली बोली आयोजित की जाएगी। समस्त ठेकों को नामित पर्यवेक्षक दल एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में अंतिम स्वीकृति प्रदान की जाएगी। नीलामी में प्रतिभाग करने के इच्छुक ठेकेदारों को निर्धारित समय से पूर्व अपना वैध पहचान पत्र, 10 रुपए मूल्य का स्टैम्प पेपर तथा अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के नाम निर्धारित अग्रिम धरोहर राशि (एफडीआर) कार्यालय में जमा करानी होगी। निर्धारित धरोहर राशि के अनुसार स्कूल प्लाट बाग हेतु 20,000 रुपए, हमीद बाग हेतु 1,500 रुपए, शारदा बैराज मत्स्य ठेका हेतु 25,000 रुपए तथा सिल्ट इजेक्टर मत्स्य ठेका हेतु 1,000 रुपए निर्धारित किए गए हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नीलामी संबंधी समस्त औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं तथा पूरी प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए।

# बेची जा चुकी जमीन का सौदा कर प्रॉपर्टी डीलरों और दम्पति ने हड़पे 6.60 लाख

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रॉपर्टी के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने एक ऐसी जमीन का इकरारनामा कर रकम हड़प ली, जिसे वे पहले ही किसी अन्य व्यक्ति को बेच चुके थे। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो प्रॉपर्टी डीलरों और एक दम्पति सहित चार लोगों के खिलाफ षड्यंत्र और धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। राजा कॉलोनी निवासी प्रेमपाल ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि प्रॉपर्टी डीलर रवि मिश्रा और आकाश दीक्षित ने उन्हें कम कीमत पर अच्छी जमीन दिलाने का झांसा दिया। डीलरों ने उनकी मुलाकात नंदकिशोर सिंह और उनकी पत्नी नीलम सिंह से कराई। आरोपियों ने ग्राम लोहरां में 101.11 वर्ग मीटर के एक भूखंड का सौदा 6,60,000 रुपए में तय किया। इसके एवज में पीड़ित ने 09 सितंबर 2025 को नोटरी इकरारनामा कराया और विभिन्न माध्यमों से कुल 6,60,000 रुपए आरोपियों को अदा कर दिए। आरोप तब गंभीर हो गए जब 08 अक्टूबर 2025 को रजिस्ट्री के दिन आरोपी महिला नीलम सिंह बीमारी का बहाना बनाकर वकील के कार्यालय से भाग गई। शक होने पर जब पीड़ित ने रजिस्ट्रार कार्यालय में जांच कराई, तो पता चला कि वह जमीन आरोपियों ने इकरारनामे से चार महीने पहले ही 20 मई 2025 को सितारा देवी नामक महिला को बेच दी थी। धोखाधड़ी का खुलासा होने पर जब पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी, तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। दबाव बनाने पर आरोपी महिला ने 4,50,000 रुपए का चेक दिया, जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। पीड़ित का आरोप है कि उसने थाना पुलिस और एसएसपी कार्यालय में शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर अब ट्रांजिट कैंप पुलिस ने नंदकिशोर सिंह, नीलम सिंह, रवि मिश्रा और आकाश दीक्षित के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दुर्गम रास्तों से पैदल चलकर तड़म गांव पहुंचे डीएम अंशुल

## वन्यजीवों से सुरक्षा के लिए पूरे गांव में चेन लिंक फेंसिंग का आदेश


रामनगर (उद संवाददाता)। कॉर्बेट पार्क से सटे अल्मोड़ा जिले के सल्ट विकासखंड के दूरस्थ तड़म गांव में बाघ के हमले में ग्रामीण महिपाल सिंह की मौत के बाद जिलाधिकारी अंशुल सिंह खुद गांव पहुंचे। भीषण गर्मी और दुर्गम पैदल रास्तों की परवाह न करते हुए जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने गांव की समस्याएं भी सुनीं और लापरवाह अधिकारियों को आड़े हाथ लिया। सल्ट विकासखंड के बोरडा तोक स्थित तड़म गांव में हाल ही में मानव वन्यजीव संघर्ष में महिपाल सिंह की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना के बाद जिलाधिकारी अंशुल सिंह स्वयं गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार के साथ गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।



परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मौके पर ही मृतक की एक बेटी को तहसील कार्यालय सल्ट में अस्थायी रूप से डाटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में तैनात करने के निर्देश दिए। वहीं, दूसरी बेटी को शिक्षक स्वयं सेवक के रूप में अस्थायी नियोजन देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को क्षेत्र में बढ़ते वन्यजीवों के खतरे, खराब सड़कों, पेयजल संकट और मूलभूत सुविधाओं की कमी से अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग रानीखेत के अधिशासी अभियंता की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उनका स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग और संबंधित अधिकारियों को पूरे गांव में चेन लिंक फेंसिंग कराने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में जंगली जानवरों के हमले से ग्रामीणों को सुरक्षा मिल सके। इसके अलावा जिलाधिकारी ने तड़म से भोनखाल तक मार्ग सुधार, सोलर लाइट लगाने, नई पेयजल लाइन बिछाने और कुमेरिया से बोरड तक सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए। उन्होंने वन विभाग को क्षेत्र में गश्त बढ़ाने को कहा ताकि जनता में फैला खौफ कम हो सके। जिलाधिकारी के खुद गांव पहुंचकर पैदल चलकर समस्याएं सुनने और तत्काल समाधान करने के कदम पर ग्रामीणों ने उनका आभार जताया।

# विद्युत संविदा कर्मी की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

रामनगर (उद संवाददाता)। कालाढूंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बैलपड़ाव स्थित विद्युत सब स्टेशन में तैनात एक संविदा कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतक के परिजनों ने विद्युत विभाग के ही कुछ कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि देवेंद्र की बेरहमी से पिटाई कर उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कुछ लोगों



को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बैलपड़ाव निवासी देवेंद्र विद्युत सब स्टेशन में संविदा कर्मी के पद पर तैनात था। गुरुवार को वह किसी काम से रामनगर आया था। मृतक के मौसेरे भाई अशोक कुमार ने बताया कि वह भी रामनगर के भवानीगंज इलाके में मौजूद था, तभी उसने शोर सुना। बाहर निकलने पर उसने देखा कि दो लोग एक युवक के साथ मारपीट कर रहे हैं और उसे जबरन कार में डालकर ले गए। अशोक का दावा है कि जिस युवक के साथ मारपीट की गई, वह उसका मौसेरा भाई देवेंद्र ही था। उसने तत्काल इसकी सूचना देवेंद्र के परिजनों को दी। बताया जाता है कि इसी बीच मारपीट करने वाले लोग बेहोशी की हालत में देवेंद्र को लेकर रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचे, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मामला बेहद गंभीर है और हिरासत में लिए गए लोगों से गहन पूछताछ की जा रही है।

# निर्बाध विद्युत आपूर्ति पर देवभूमि व्यापार मंडल ने विद्युत अधिकारियों को किया सम्मानित

किच्छा (उद संवाददाता)। भीषण गर्मी के दौरान शहर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए देवभूमि व्यापार मंडल द्वारा विद्युत वितरण उपखंड के अधिशासी अभियंता संजय



कुमार तिवारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को सम्मानित किया गया। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने अधिकारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी और बिजली की भारी मांग के बावजूद विभाग द्वारा शहर की व्यवस्था को सुचारु रखना काबिले तारीफ है। सम्मान समारोह के दौरान अधिशासी अभियंता संजय कुमार तिवारी ने व्यापार मंडल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विभाग क्षेत्र की जनता को बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अधिकारी और कर्मचारी 24 घंटे लगातार कार्य कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर उसका तत्काल समाधान किया जाता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उपभोक्ताओं को गर्मी के इस मौसम में कम से कम परेशानी हो, इसके लिए विभाग निरंतर सतर्कता बरत रहा है। देवभूमि व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारियों की सक्रियता के कारण ही शहर में बिजली सप्लाई में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों और आम जनता को विभाग की इस सजगता से बड़ी राहत मिली है। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी शहर की विद्युत व्यवस्था इसी प्रकार सुदृढ़ बनी रहेगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल के महामंत्री नितिन फटेला, एडवोकेट पूरन भट्ट, प्रमोद तिवारी, अंकुश कटारिया एवं विशाल अग्रवाल सहित कई व्यापारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एम्बुलेंस मामले में स्वास्थ्य विभाग की जांच शुरू

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म में युवक की संदिग्ध मौत और समय पर एम्बुलेंस सुविधा नहीं मिलने के सोशल मीडिया पर वायरल दावों के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू कर दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल के निर्देश पर गठित जांच टीम ने शुक्रवार को मामले की गहन पड़ताल की। जांच टीम का नेतृत्व एसीएमओ डॉ. एसपी सिंह कर रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्तिफार्म के चिकित्साधिकारी डॉ. रोहन कुमार ने जांच टीम को बताया कि 18 मई की रात करीब 9:30 बजे सड़क हादसे में घायल दो मरीज अस्पताल लाए गए थे। इनमें गुरुनानक नगरी, सितारगंज निवासी 24 वर्षीय मंजीत सिंह उर्फ बिट्टू को मृत अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया था। परिजनों द्वारा दूसरी चिकित्सकीय राय के लिए युवक को सितारगंज ले जाने की इच्छा जताने पर 108 सेवा से संपर्क किया गया था, लेकिन वाहन पहुंचने में देरी की सूचना पर परिजन उसे निजी वाहन से सितारगंज ले गए। वहां ईसीजी जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। उप जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि उस समय शक्तिफार्म अस्पताल की उपलब्ध एम्बुलेंस एक घायल महिला को लेकर समय कहां था और पहुंचने में कितना समय लगा। जिला समन्वयक नवनीत कुमार ने बताया कि शक्तिफार्म की 108 एम्बुलेंस वर्तमान में खराब होने के कारण मरम्मत हेतु वर्कशॉप में है। इस समय क्षेत्र में सितारगंज, बरा और



अस्पताल गई थी, जिस कारण तत्काल दूसरी एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। जांच के दौरान ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार और अन्य कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए हैं। घटना वाले दिन 108 एम्बुलेंस की लोकेशन रिपोर्ट भी तलब की गई है ताकि स्पष्ट हो सके कि वाहन उस सिडकुल की एम्बुलेंस सेवाएं संचालित हो रही हैं। उन्होंने डीजल की कमी के दावों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि सभी वाहनों में पर्याप्त ईंधन उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग ने आश्वासन दिया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पेज एक का शेष...

**प्रतिबंधित घाट पर ....** मई की शाम को वे लक्ष्मणझूला क्षेत्र के डबल ट्रिपल बीच पर पहुंचे, जो कि एक प्रतिबंधित क्षेत्र बताया जा रहा है। वहां नदी किनारे फोटो खींचते समय अचानक दो युवकों का संतुलन बिगड़ गया और वे देखते ही देखते गंगा की उफनती लहरों की चपेट में आ गए। साथ मौजूद दोस्तों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी का बहाव इतना तेज था कि दोनों आंखों से ओझल हो गए। लापता युवकों में 25 वर्षीय मोहम्मद फैजान पुत्र अली अब्बास और 19 वर्षीय मोहम्मद कैफ पुत्र नसीम अख्तर शामिल है। घटना की सूचना पाकर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार सुबह से डीप डाइवर्स और आधुनिक रेस्क्यू उपकरणों की मदद से नदी में गहन सर्च अभियान शुरू किया है। हालांकि, अभी तक लापता युवकों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन लापता युवकों के परिजनों से संपर्क कर मामले की जांच में जुटे हैं।

**नैनीताल और उधमसिंहनगर में ...** ट्रांजिट कैंप कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे को वहां से हटाकर पुलिस कार्यालय में पीआरओ व वीआईपी सेल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, थाना केलाखेड़ा के प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सोलंकी को अब कोतवाली ट्रांजिट कैंप का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। सुल्तानपुर पट्टी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मनीष खत्री को पदोन्नति देते हुए थानाध्यक्ष केलाखेड़ा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तबादला सूची में अन्य उपनिरीक्षकों को भी नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। पुलिस लाइन रुद्रपुर में तैनात उपनिरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप बिष्ट को प्रभारी चौकी सुल्तानपुर पट्टी बनाया गया है। उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद को कोतवाली सितारगंज से स्थानांतरित कर प्रभारी चौकी सूतमिल के पद पर तैनात किया गया है। बाजार चौकी जसपुर के प्रभारी उपनिरीक्षक भूपाल राम पौड़ी को अब कोतवाली जस्पुर में वरिष्ठ उपनिरीक्षक (एसएसआई) नियुक्त किया गया है, साथ ही उनके पास बाजार चौकी का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। इसके अलावा, कोतवाली ट्रांजिट कैंप में तैनात उपनिरीक्षक मनोज जलाल को प्रभारी चौकी बेरिया दौलत बनाया गया है। कोतवाली जसपुर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक जावेद मलिक को कोतवाली सितारगंज भेजा गया है, जबकि कोतवाली कुण्डा में तैनात उपनिरीक्षक हरविन्दर कुमार को कोतवाली आईटीआई में नई तैनाती दी गई है। वहीं नैनीताल के एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने काठगोदाम, तल्लीताल, मल्लीताल, रामनगर और हल्द्वानी समेत कई थानों और चौकियों में नई तैनाती कर दी है। तबादला सूची में निरीक्षक जसवीर सिंह को पुलिस लाइन नैनीताल से प्रभारी निरीक्षक काठगोदाम बनाया गया है, जबकि निरीक्षक हरपाल सिंह को चोरगलिया से तल्लीताल कोतवाली भेजा गया है। वहीं राजेंद्र सिंह रावत को डीसीआरबी से मल्लीताल कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है। उपनिरीक्षक स्तर पर भी बड़े पैमाने पर बदलाव किए गए हैं। विमल मिश्रा को काठगोदाम से वरिष्ठ उप निरीक्षक तल्लीताल, तारा सिंह राणा को रामनगर से चोरगलिया, और अनीस अहमद को पुलिस लाइन से खनस्यू थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा कई चौकी प्रभारियों और महिला उपनिरीक्षकों को भी नई तैनाती दी गई है। हल्द्वानी, रामनगर, भवाली, लालकुआं, कालाढूंगी, मुक्तेश्वर और मुखानी समेत कई संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं। आदेश के बाद पुलिस विभाग में हलचल का माहौल है और नई तैनाती पाने वाले अधिकारी अपने-अपने कार्यभार संभालने में जुट गए हैं. वहीं एसएसपी ने अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**कटौती के खिलाफ....** कई क्षेत्रों में लंबे समय तक बिजली कटौती की जा रही है, जबकि बिजली बिलों की वसूली पूरी सख्ती से की जाती है। उन्होंने कहा कि यदि विभाग समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं करता तो जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ठुकराल ने कहा कि ट्रिपिंग और अघोषित कटौती के कारण व्यापारियों, छात्रों और आम परिवारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इनवर्टर और पानी की मोटरें तक जवाब दे रही हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करना विभाग को भारी पड़ सकता है। अधिकारियों ने जल्द व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। घेराव करने वालों में ललित सिंह बिष्ट, लाल अहमद, आनंद शर्मा, सोहेल अहमद, बंटी मक्कड़, अजय नारायण सिंह, इरफान, इरफान खान, पप्पू कोली, अमित कोली, राजेश गर्ग, राजेश ग्रोवर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

**लाखों की स्मैक ....** टीम में शामिल हो गए। गुरुनानक फार्म जाने वाले तिराहे पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार आता दिखाई दिया। पुलिस को देख युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम महेश मौर्या पुत्र रोशन लाल निवासी ग्राम चौण्डेरा, थाना बहेड़ी, जिला बरेली (उत्तर प्रदेश) बताया। तलाशी लेने पर उसकी बाइक पर लटकी एक पन्नी से 129 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में महेश ने कुबूल किया कि वह यह स्मैक बरेली निवासी आसिफ नामक व्यक्ति से लेकर आया था और इसे बरा क्षेत्र में किसी को सप्लाई करना था। उसने बताया कि तस्कर आसिफ से उसकी बातचीत व्हाट्सएप कॉल के जरिए होती थी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पकड़ा गया आरोपी महेश मौर्या शातिर अपराधी है और पूर्व में भी वाहन चोरी व अवैध तमंचा रखने के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस ने बरामद स्मैक, बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस बाइक, मोबाइल और 1280 रुपये की नकदी को कब्जे में लेकर सील कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है, साथ ही मुख्य सप्लायर आसिफ की तलाश शुरू कर दी है।

**पहाड़ी से गिरे पत्थर....** हड़कंप मच गया और प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों पर लगी दुकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब मार्ग पर यात्रियों और स्थानीय लोगों की आवाजाही जारी थी। अचानक पहाड़ी से तेज गर्जना के साथ बड़े-बड़े पत्थर और मलबा नीचे आ गिरा, जिससे क्षेत्र में चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। पत्थरों की चपेट में आने से कई दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण एक स्थानीय व्यक्ति की जान चली गई है, जबकि घायल नेपाली नागरिक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए सोनप्रयाग क्षेत्र में उन सभी दुकानों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं।

**दुकान से नगदी लूट..** दुकानदार ने ट्रांजिट कैंप कोतवाली पुलिस को दे दी है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रेखा मालाकार पत्नी श्यामपद मालाकार निवासी आजाद नगर वार्ड 2 ट्रांजिट कैंप ने पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वह हनुमान धाम स्थित ढाल पर पान की दुकान चलाती है। 21 मई को रात लगभग 12 बजे वह अपनी दुकान में सो रही थी तभी एक अज्ञात गाडी चालक आया और उसकी दुकान में घुस कर सामान उठाने लगा। तभी अचानक से वह उठ गयी। तब तक उक्त अज्ञात ड्राईवर ने दुकान के गल्ले से लगभग 15500 रूपये और दुकान से सिगरेट की डिब्बीयां निकल ली और उसके उठने व विरोध करने पर उसका गला दबाने का प्रयास किया। रेखा ने बताया जब उसने शोर मचाया तो उक्त ट्रक ड्राईवर वहां से भाग गया। जब उसने उसका पीछा करने का प्रयास किया तो उक्त ड्राईवर रोड चलते लोगों को भी कुचलने की नियत से तेज रफ्तार में अपना ट्रैक लेकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है।

**पलायन की तैयारी में ....** सीटों का नाम लेते हुए कहा कि इन क्षेत्रों से भी उनके समर्थक और स्थानीय नेता उन्हें चुनाव लड़ाने की इच्छा जता रहे हैं। रावत क इस बयान के बाद कांग्रेस के भीतर उन नेताओं की चिंता बढ़ गई है, जो पहले से इन सीटों पर सक्रिय हैं, क्योंकि हरक सिंह रावत जिस भी सीट पर दावेदारी करेंगे, वहां टिकट की दौड़ और अधिक दिलचस्प हो जाएगी। विशेष रूप से कोटद्वार सीट को लेकर चर्चाएं तेज हैं, क्योंकि हरक सिंह रावत पहले भी इस क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय रहे हैं। वहीं रुद्रप्रयाग और केदारनाथ जैसे क्षेत्रों में भी उनकी राजनीतिक पकड़ मानी जाती है। ऐसे में उनका नाम सामने आने से स्थानीय नेताओं के समीकरण प्रभावित हो सकते हैं। उधर कांग्रेस का प्रदेश संगठन फिलहाल इस पूरे मामले में संतुलन बनाकर चलने की कोशिश कर रहा है। पार्टी नेतृत्व नहीं चाहता कि टिकट वितरण से पहले किसी तरह का खुला विवाद सामने आए। लिहाजा, कांग्रेस संगठन फिलहाल वरिष्ठ नेताओं की राय लेने के साथ-साथ विभिन्न सीटों के सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों का भी अध्ययन कर रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि पार्टी की ओर से हरक सिंह रावत से उनकी इच्छा जानने की कोशिश की गई है। उन्होंने माना कि हरक सिंह रावत पार्टी के वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं और उनकी भावनाओं को ध्यान में पार्टी में अंदरूनी रूप से इस पर चर्चा की जा रही है।

**अज्ञात वाहन की टक्कर....** जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहाँ चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है और तहरीर मिलने के बाद वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**करोड़ों की जमीन ...** को लेकर शहर में चर्चाओं में रहा है। कुमाऊं आईजी रिद्धिम अग्रवाल का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करते हुए विस्तृत ब्रीफिंग की जाएगी। इस गिरफ्तारी के बाद शहर के अन्य प्रॉपर्टी डीलरों और भू-माफियाओं में भी हड़कंप मचा हुआ है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com, www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ऊधमसिंहनगर पुलिस ने तीन माह में की ऐतिहासिक कार्रवाई

## अपराधियों में खौफ, एसएसपी अजय गणपति के नेतृत्व में नशा, अवैध शस्त्र और कच्ची शराब के खिलाफ अभियान में मिली बड़ी सफलता

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के कुशल नेतृत्व में जनपद पुलिस ने पिछले तीन माह के दौरान अपराध, नशा तस्करी, अवैध शस्त्र कारोबार, कच्ची शराब, ओवरलोडिंग तथा समाज विरोधी गतिविधियों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाकर ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अपराध मुक्त एवं नशा मुक्त देवभूमि के विजन को धरातल पर उतारते हुए पुलिस द्वारा जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी अजय गणपति द्वारा बीते तीन माह में पांच बड़े विशेष अभियान संचालित किए गए, जिनमें सैकड़ों अपराधियों की गिरफ्तारी तथा भारी मात्रा में अवैध सामग्री की बरामदगी की गई। अवैध शस्त्र अभियान के दौरान 96 मुकदमे दर्ज कर 103 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 87 तमंचे, 3 बंदूकें, 2 पंप एक्शन गन, 3 पिस्टल, 1 रिवॉल्वर सहित 159 कारतूस बरामद किए। अवैध नशे के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में 55 मुकदमे दर्ज कर 68 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 581.4 किलोग्राम गांजा, 1.058 किलोग्राम चरस, 714.96 ग्राम स्मैक, 56 नशीले इंजेक्शन एवं 227 नशीली गोलियां बरामद कीं। पुलिस के अनुसार यह जनपद में अब तक की सबसे बड़ी गांजा बरामदगी में शामिल है। पुलिस ने नशा तस्करों की अवैध संपत्तियों पर भी बड़ा प्रहार किया। कुख्यात स्मैक तस्कर रिफाकत की लगभग 3.70 करोड़ रुपए तथा गांजा तस्कर संजय गुप्ता की लगभग 3 करोड़ रुपए मूल्य की



संपत्तियों को चिन्हित कर कार्रवाई प्रारंभ की गई है। साथ ही गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराधियों की चल अचल संपत्तियों के जब्तीकरण की प्रक्रिया भी जारी है। अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध विशेष अभियान में 133 मुकदमे दर्ज कर 127 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 3156 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई, 63 अवैध भट्टियां नष्ट की गईं तथा 1,52,100 लीटर लहन मौके पर नष्ट किया गया। सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए गए अभियान में 197 ओवरलोडिंग चालान किए गए तथा 142 वाहन सीज किए गए। वहीं 53 ओवरस्पीडिंग चालान कर 5 वाहन सीज किए गए और 2 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए। ऑपरेशन प्रहार के तहत पूरे जनपद में 1337 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 737 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 8687 व्यक्तियों का सत्यापन किया, 2696 यातायात चालान किए तथा 376 वाहन सीज किए। इसके अलावा 3976 बार, होटल, पब, क्लब एवं ढाबों की चेकिंग की गई। धर्मांतरण मामलों में भी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआईटी गठित कर जांच शुरू की है। वहीं सितारगंज क्षेत्र में प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल बदर से जुड़े मामलों में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल एवं जम्मू कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त जांच जारी है। एसएसपी अजय गणपति ने पुलिस फिटनेस, अनुशासन एवं जनसुनवाई व्यवस्था में भी उल्लेखनीय सुधार किया है। नियमित परेड, फिजिकल एक्टिविटी, नो व्हीकल डे एवं संवेदनशील पुलिसिंग के चलते आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि अपराधियों, नशा तस्करों एवं समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# वर्षा ऋतु से पहले रूद्रपुर में नगर निगम का बड़ा अभियान

## कूड़ा और गंदगी से भरी नालियों की गहराई से हो रही सफाई, बरसात में जल भराव से मिलेगी मुक्ति

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। मानसून से पहले नगर निगम ने शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए व्यापक सफाई अभियान शुरू कर दिया है। नगर निगम की टीमें विभिन्न वार्डों में मोर्चा संभाले हुए हैं और नालियों की गहराई से सफाई कराई जा रही है। इसी क्रम में श्याम टॉकीज रोड और रविंद्र नगर क्षेत्र में नालियों की सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार छोटी-छोटी नालियों से घुटनों तक मलवा निकल रहा है। सफाई के दौरान नालियों से प्लास्टिक की बोतलें, पन्नियां, गाद और वर्षों से जमा कूड़ा बाहर निकाला जा रहा है। मशीनों की मदद से नालियों की तली तक पहुंचकर सफाई की जा रही है, जिससे यह साफ प्रतीत हो रहा है कि पूर्व में नालियों की सफाई केवल खानापूर्ति तक सीमित रही होगी। सफाई कार्य के दौरान निकाले गए मलवे को सड़क किनारे रखा जा रहा है। मलबा गीला होने के चलते तुरंत इ से हटाना संभव नहीं है जिसके चलते इसे सड़क किनारे निकाल कर रखा जा रहा है। दुकानों के सामने मलवा होने के चलते दुकानदारों और राहगीरों को अस्थायी परेशानी का सामना जरूर करना पड़ रहा है, लेकिन लोग इसे शहरहित में जरूरी कदम मान रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रवासियों का कहना है कि वर्षों की गंदगी अब बाहर निकल रही है, जिससे बरसात के दौरान नालियों का पानी धारा प्रवाह से बह सकेगा और घरों व दुकानों में पानी घुसने की समस्या से राहत मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने मेयर विकास शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इस बार बारिश के मौसम में शहर को जलभराव की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी। नगर निगम द्वारा पिछले कई दिनों से शहर के विभिन्न वार्डों में इसी तरह अभियान चलाकर गहराई से नालियों की सफाई कराई जा रही है।







## स्कूली बच्चों को बांटी खाद्य सामग्री

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय मानव अधिकार एन्ड एंटी करप्शन फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीरेन देव के जन्म दिन के उपलक्ष में सुभाष नगर राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुभाष नगर में बच्चों को खाद्य सामग्री बांटी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव शारिफ खान,



प्रदेश मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण और जिला सचिव दिनेश मंडल आदि लोग मौजूद थे। वहीं प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह रावत के ऑफिस मे केक काटा गया। यहां शारिफ खघन, पृथ्वी पाल सिंह रावत, लक्ष्मी नारायण, अशोक कश्यप, दिनेश मंडल, दौलत सिंह सैनी, कपील सुरेश, रामनिवास शर्मा आदि मौजूद थे।

## ट्रक ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, पत्रकार और पत्नी गंभीर

गदरपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर के महतोष क्षेत्र में स्थित पवित्र बंधन मैरिज हॉल के पास एक भीषण सड़क हादसे में स्थानीय पत्रकार राजकुमार शर्मा उर्फ रिंकू और उनकी पत्नी पूनम सरकार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब दोनों अपनी स्कूटी से रुद्रपुर स्थित अपनी रिश्तेदारी से वापस गदरपुर लौट रहे थे। रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उनकी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, घटना रात लगभग 12:30 बजे की है। महतोष क्षेत्र में पवित्र बंधन मैरिज हॉल के समीप अचानक रॉन्ग साइड से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने उनकी स्कूटी



को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजकुमार शर्मा और उनकी पत्नी सड़क पर काफी दूर जा गिरे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके से वाहन सहित फरार होने में कामयाब रहा। घटना के तुरंत बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें रुद्रपुर रेफर कर दिया। वर्तमान में रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में दोनों का उपचार जारी है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों और पत्रकार जगत में शोक व चिंता की लहर दौड़ गई। पत्रकार राजकुमार शर्मा की पुत्री शगुन ने कोतवाली गदरपुर पहुंचकर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर में आरोपी चालक की जल्द पहचान कर उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रक का सुराग लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# राज्यपाल ने किया 21वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का शुभारम्भ

नैनीताल। शुक्रवार को लोक भवन गोल्फ कोर्स, नैनीताल में आयोजित 21वां "गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट" शुरू हो गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने टी-ऑफ कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में इस वर्ष विभिन्न श्रेणियों के 179 गोल्फर प्रतिभाग कर रहे हैं। इस वर्ष का टूर्नामेंट प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी की स्मृति को समर्पित किया गया है। 21वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट में विभिन्न श्रेणियों में कुल 179 गोल्फर प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता में 110 सामान्य श्रेणी के खिलाड़ी, 27 जूनियर खिलाड़ी (जिनमें 6 बालिकाएं शामिल हैं), 9 महिला खिलाड़ी, 29 वेटरन तथा 4 सुपर वेटरन श्रेणी में प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट में सबसे उम्रदराज 81 वर्ष के कर्नल एच. सी गुप्ता और सबसे छोटी प्रतिभागी 7 वर्ष की इलाक्षी राठौड़ प्रतिभाग कर रही है। शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की पर्यटन संभावनाओं और खेल क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने इस वर्ष का टूर्नामेंट स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूड़ी जी की स्मृति को समर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र और प्रदेश के विकास के प्रति उनका समर्पण सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि इस आयोजन की विशेषता यह भी है कि इसमें 81 वर्ष के वेटरन से लेकर 7 वर्ष की बालिका तक हिस्सा ले रही है, जो खेलों में सभी आयु वर्गों की सहभागिता और पारिवारिक जुड़ाव का



सुंदर उदाहरण है। उन्होंने लोक भवन गोल्फ कोर्स, नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह गोल्फ कोर्स प्रकृति, वन्यजीवन संरक्षण और पर्यटन का अद्भुत संगम हैं। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस बार टूर्नामेंट और उससे जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों में युवाओं, बेटियों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। उन्होंने कहा कि पूर्व में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम से 135 बच्चों ने लाभ लिया, जिनमें बड़ी संख्या में बेटियां शामिल थीं। उन्होंने कहा कि यह उत्तराखण्ड की युवा पीढ़ी और 'अमृत पीढ़ी' के आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की आकांक्षा का सकारात्मक उदाहरण है। राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ केवल शारीरिक कौशल का खेल नहीं, बल्कि यह धैर्य, अनुशासन, लक्ष्य के प्रति एकाग्रता और विपरीत परिस्थितियों में मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि यह खेल व्यक्तित्व निर्माण के साथ आत्मिक शांति और ध्यान की भावना को भी सुदृढ़ करता है। राज्यपाल ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'फिट इंडिया' और 'खेलो इंडिया' विजन के अनुरूप खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि "जो खेलेगा, वही खिलेगा" की भावना आज युवाओं को नई ऊर्जा और दिशा दे रही है। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल एवं उपाध्यक्ष गोल्फ कोर्स नैनीताल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, आयुक्त कुमाऊँ मंडल दीपक रावत, अपर सचिव रीना जोशी, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी, परिसहाय राज्यपाल अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, गोल्फ कैप्टन कर्नल(रि.) विवेक भट्ट सहित स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, इस टूर्नामेंट के प्रायोजक, सहप्रायोजक संस्थानों के प्रतिनिधि और गोल्फर्स उपस्थित रहे।